आज़ादी का अमृत महोत्सव

विपुल गोयल
सयुंक्त सचिव, एमएसएमई एवं सीएमडी, एनएसआईसी
VIPUL GOEL
Joint Secretary, MSME and CMD, NSIC

सत्यमेव जयते

भारत 2023 INDIA

एन एस आई सी
N S I C

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
THE NATIONAL SMALL INDUSTRIES CORPORATION LTD.
(A Government of India Enterprise)

हिन्दी दिवस संदेश

प्रिय एनएसआईसी सहयोगियों,

आप सभी को हिन्दी दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

संविधान द्वारा 14 सितम्बर, 1949 को हिन्दी को भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। जिसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी ने ही संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोकर अनेकता में एकता की भावना को आम जनता में निरंतर जागृत बनाए रखा है। संघ की राजभाषा नीति का आधार सदभावना, प्रेरणा और प्रोत्साहन है। हिन्दी संघ की राजभाषा होने के कारण हम सभी का यह संवैधानिक दायित्व है कि कार्यालय के कामकाज को हिन्दी में करें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी कार्यालयी कामकाज हिन्दी में करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें।

साथियों, हमारा निगम अपनी विभिन्न स्कीमों के माध्यम से देश के सूक्ष्म, लघु उद्यमों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। ऐसे में हम सभी का यह संवैधानिक दायित्व है कि हम उद्योग क्षेत्र से जुड़ी अपनी स्कीमों को हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाकर केन्द्र सरकार की राजभाषा संबंधित अनुदेशों का अनुपालन ठीक उसी प्रकार करें, जिस प्रकार अन्य सरकारी अनुदेशों का अनुपालन करते हैं।

आज मैं इस अवसर पर एनएसआईसी एवं अधीनस्थ कार्यालयों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह करता हूं कि अपना कार्यालयी काम-काज पूरे मनोयोग और गर्व के साथ हिन्दी में करें और राजभाषा हिन्दी को गौरवमयी स्थान दिलाने में अपना योगदान दें।

आप सभी को हिन्दी दिवस 2023 के पावन अवसर पर मेरी पुन: हार्दिक शुभकामनाएं।

ह.

(विपुल गोयल)

14 सितम्बर, 2023

''एन. एस. आई. सी. भवन'', ओखला औद्योगिक इस्टेट, नई दिल्ली - 110020 (भारत)
"NSIC Bhawan" Okhla Industrial Estate, New Delhi-110020 (India)
दूरभाष/Tel.: +91-11-26927172 / 26926067
E-mail: cmd@nsic.co.in, Website : www.nsic.co.in